# पाठ-योजना

CORDOVA™

**अध्यापिका/अध्यापक** :

**पुस्तक** : उड़ान हिंदी पाठमाला भाग-8

**विषय** : हिंदी **दिनांक :** ......................

**उपविषय** : मिसाइल मैन-डॉ॰ ए॰पी॰जे॰ अब्दुल कलाम, पाठ-7 **अवधि :** 3-4 वादन

| पाठ संख्या | सुनना, बोलना और पढ़ना | चिंतन | लिखना | गतिविधियाँ | जीवन मूल्य तथा पारिवारिक, सामाजिक व राष्ट्रीय चेतना |
|---|---|---|---|---|---|
| 7. | पठन-पाठन, शुद्ध उच्चारण, प्रश्नोत्तर, घटना सुनाना, चर्चा, अतिरिक्त पठन, स्वरूप वर्णन। | कल्पना, संदेश, अपनी मातृभूमि का गर्व, विज्ञान के प्रति लगाव, सकारात्मक सोच। | विशेषण शब्द, विसर्ग संधि, पर्यायवाची शब्द, प्रत्यय, गद्यांश पर आधारित, अति लघु, लघु तथा निबंधात्मक प्रश्न। | संवाद, अब्दुल कलाम के बारे में जानकारी, बुक कवर, तेजस्वी मन, अग्नि की उड़ान, अदम्य साहस, इन पुस्तकों के बारे में जानकारी। | लगन, परिश्रम, समय का सदुपयोग, परमाणु शक्ति का सकारात्मक प्रयोग। |

**सामान्य उद्देश्य** :
1. छात्रों में शुद्ध वाचन तथा पढ़ने-लिखने के कौशल का विकास करना।
2. अपने विचारों को सही प्रकार से प्रकट करने का ज्ञान व अभ्यास कराना।
3. वर्तनी संबंधी अशुद्धियों को दूर करने का प्रयास करना।
4. छात्रों के शब्द भंडार में वृद्धि करना।
5. प्रश्नों के उत्तर को भली-भाँति लिखने का अभ्यास कराना।

**विशिष्ट उद्देश्य** :
1. आनंद भाव से पाठ को पढ़ाना तथा पाठ के माध्यम से महान व्यक्ति भूतपूर्व राष्ट्रपति डॉ॰ अब्दुल कलाम के बारे में जानकारी देना।
2. विशेषण शब्दों की जानकारी देना, विसर्ग संधि की परिभाषा से अवगत कराना, पर्यायवाची शब्दों का ज्ञान कराना तथा प्रत्यय के योग से नए शब्द बनवाना।

**सहायक सामग्री** : श्यामपट्ट, चॉक, डस्टर, चार्ट आदि।

**पूर्वज्ञान-परीक्षा** : अध्यापिका/अध्यापक छात्रों की पूर्वज्ञान परीक्षा लेने के लिए छात्रों से पूछेंगे कि डॉ॰ अब्दुल कलाम कौन है? डॉ॰ अब्दुल कलाम का पूरा नाम बताइए। आप डॉ॰ अब्दुल कलाम के बारे में क्या जानते हैं? आदि।

**उद्देश्य-कथन** : अध्यापिका/अध्यापक प्रश्नों के उत्तर संतोषजनक या असंतोषजनक पाकर अपने उद्देश्य की घोषणा करेंगे कि बच्चो, आज हम 'मिसाइल मैन-डॉ॰ ए॰पी॰जे॰ अब्दुल कलाम' पाठ-7 का अध्ययन करेंगे।

**शिक्षण-बिंदु** : 'मिसाइल मैन-डॉ॰ ए॰पी॰जे॰ अब्दुल कलाम' पाठ-7 के प्रश्नों के उत्तर छात्रों की सहायता लेते हुए कराए जाएँगे।

| अध्यापिका/अध्यापक क्रियाएँ | छात्र-क्रियाएँ |
|---|---|
| प्र.1. चिड़िया के उड़ने का सिद्धांत कौन समझा रहे थे? | उ. डॉ॰ कलाम के अध्यापक श्री शिव सुब्रह्मण्यम अय्यर चिड़िया के उड़ने का सिद्धांत समझा रहे थे। |
| प्र.2. डॉ॰ कलाम के अनुसार 2020 में हमारे देश का स्वरूप कैसा होगा? | उ. डॉ॰ कलाम के अनुसार 2020 में हमारे देश का स्वरूप सुखद होगा। |
| प्र.3. दूरस्थ शैक्षिक कार्यक्रमों को देश के प्रत्येक क्षेत्र में सफलता से व्यावहारिक बनाने के लिए कैसे कार्यक्रम आवश्यक हैं? | उ. दूरस्थ शैक्षिक कार्यक्रमों को देश के प्रत्येक क्षेत्र में सफलता से व्यावहारिक बनाने के लिए तीन तरह के कार्यक्रम आवश्यक हैं-संपर्क, प्रसारण और उत्थान। |

**पाठ पढ़ाने के पश्चात–**

**मौखिक** : सर्वप्रथम अध्यापिका/अध्यापक कठिन शब्दों का उच्चारण कराएँगे तथा पाठ से संबंधित मौखिक प्रश्न पूछेंगे।

जैसे– प्र. IGMDP के अंतर्गत कौन से पाँच प्रक्षेपास्त्रों को विकसित करने का विचार किया?

उ. IGMDP के अंतर्गत पृथ्वी, आकाश, त्रिशूल, नाग और अग्नि प्रक्षेपास्त्रों को विकसित करने का विचार किया।

इसी प्रकार से सभी प्रश्नों को मौखिक रूप में पूछेंगे। तत्पश्चात–

**कॉरडोवा सी.डी. (CD)** के माध्यम से मूलपाठ सहित पाठ को दर्शाएँगे।

**लिखित** : प्रत्येक प्रश्नों के उत्तर लिखित रूप में करवाने से पहले मौखिक रूप में पूछेंगे। तत्पश्चात लिखवाएँगे।

1. उचित विशेषण शब्दों में सही (✓) का निशान लगवाएँगे।
2. विसर्ग संधि की परिभाषा उदाहरण सहित समझाएँगे। तत्पश्चात विसर्ग संधि के उचित विच्छेद में सही (✓) का निशान लगवाएँगे।
3. शब्दों के अर्थ बताएँगे। तत्पश्चात शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखवाएँगे।
4. प्रत्यय से भली–भाँति अवगत कराएँगे। तत्पश्चात 'हीन' और 'दार' प्रत्यय के योग से नए शब्द बनवाएँगे।
5. **कॉरडोवा सी.डी. (CD)** के माध्यम से संकेत गद्यांश को दर्शाएँगे। तत्पश्चात उचित उत्तर में सही (✓) का निशान लगवाएँगे।
6. **कॉरडोवा सी.डी. (CD)** के माध्यम से प्रश्नों के उत्तर से संबंधित अंशों को दर्शाएँगे। तत्पश्चात अति लघु, लघु और निबंधात्मक प्रश्नों के उत्तर लिखवाएँगे।

**आओ अब कुछ बात करें** : डॉ॰ कलाम से संबंधित विषय पर बच्चों के माध्यम से संवाद करवाएँगे।

**परियोजना निर्माण** : बच्चों को पुस्तकों की बुकजैकेट तैयार करने के लिए प्रोत्साहित करेंगे।

**निष्कर्ष** : बच्चों ने डॉ॰ कलाम के बारे में जानकारी एकत्रित की।

मूल शब्दों से विशेषण शब्द का ज्ञान प्राप्त किया, विसर्ग संधि, पर्यायवाची शब्द को जाना तथा प्रत्यय के प्रयोग से नए शब्द बनाना सीखा।

**कक्षा–कार्य निरीक्षण** : अध्यापिका/अध्यापक कक्षा में छात्रों को लिखवाए गए प्रश्नों के उत्तर का निरीक्षण करेंगे तथा अशुद्धियों को ठीक कराएँगे।